राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3821

28 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

इस्पात उद्‌योग की कोकीन कोयला आयात पर निर्भरता

3821. श्री के॰ आर॰ अर्जुननः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि घरेलू इस्पात उद्‌योग कोकीन कोयला आयात पर अत्यधिक निर्भर है;

(ख) क्या यह भी सच है कि बीएफ-बीओएफ (ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस) रूट में और अधिक इस्पात का उत्पादन करके आयातित कोकीन कोयला पर निर्भरता कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): जी हाँ।

(ख) और (ग): बीएफ-बीओएफ (ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस) रूट इस्पात उत्पादन हेतु कोकिंग कोल के उपयोग पर निर्भर करता है। बीएफ-बीओएफ रूट के जरिए इस्पात का और अधिक उत्पादन के लिए अतिरिक्त कोकिंग कोल की आवश्यकता होगी, तथापि प्रौद्‌योगिकीय हस्तक्षेप के कारण कोकिंग कोल की विशेष खपत में कमी होने की संभावना है। गत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान बीएफ-बीओएफ रूट के जरिए इस्पात निर्माण की क्षमता नीचे दी गई है:

बीएफ-बीओएफ रूट के जरिए इस्पात निर्माण क्षमता (एमटी में)

वर्ष	बीएफ-बीओएफ (एमटी)
2014-15	43.53
2015-16	47.35
2016-17	50.85
2017-18 (पी)	51.35

(पी) अनंतिम, स्रोत: जेपीसी

*****